# NCC ACTIVITIES

**दिनांक 24 अगस्त 2024 नया सवेरा योजना के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान विषयक पर ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन**

दिनांक 24 अगस्त 2024 को ख़्वाजा मुईनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के दिशा निर्देशन में एनसीसी इकाई द्वारा नया सवेरा योजना के अंतर्गत नशीली दवाओं और शराब की लत के खिलाफ अभियान विषयक एक ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉ राजीव मिश्रा, सामुदायिक चिकित्सा एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग में संकाय प्रभारी-ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, केजीएमयू ने अपने व्याख्यान में नशा और उससे जुड़े अहम पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही नशा मुक्ती के विभिन्न माध्यमो को बहुत ही सहज भाषा में कैडेट्स को समझाया। 20 यू पी गर्ल्स बटालियन, लखनऊ द्वारा यह एक अहम पहल की गई है जिसमे एन सी सी के माध्यम से जनमानस को जागरुक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर एनसीसी इकाई की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ बुशरा अलवेरा ने समाज को नशे से समाप्त करने के लिए सभी का आवाहन किया।








**3 सितंबर 2024**

**कमान अधिकारी 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा संस्थागत दौरा**

दिनांक 3 सितंबर 2024 को कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी कमान अधिकारी 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी का संस्थागत दौरा ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में संपन्न हुआ। कमान अधिकारी का एएनओ एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान कमान अधिकारी माननीय कुलपति प्रो.एनबी सिंह और विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों के बीच बातचीत भी हुई। बालिका एनसीसी इकाई के लिए 20 और रिक्तियों की मांग उठाई गई और परिसर में बालकों के लिए एनसीसी इकाई की भी योजना बनाई गई। बाद में कमांडिंग ऑफिसर और एनसीसी कैडेटों के बीच बातचीत हुई जिसमें उन्होंने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एनसीसी के विभिन्न लाभों पर चर्चा की। इस बीच, 19 रिक्तियों के विरुद्ध प्रथम वर्ष के कैडेटों का नामांकन भी हुआ। कुल 80 सीनियर विंग कैडेट विश्वविद्यालय के अधीन हैं। कमान अधिकारी ने परिसर में एनसीसी गर्ल्स यूनिट के कामकाज की सराहना की। एनसीसी कक्ष एवं दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया गया।












13 सितंबर 2024

स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सफाई अभियान का आयोजन

दिनांक 13 सितंबर को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत काकोरी शहीद स्मृति उद्यान में स्थित स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों प्रतिमाओं एवं आस पास के क्षेत्र की सफाई की गई. बालिका कैडेट्स ने इस स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया। साथ ही एनसीसी यूनिट द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता की महत्व विषय पर पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया। कैडेट्स ने पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता की महत्ता का संदेश दिया।










21-30 सितंबर

एनसीसी कैडेट अमृता वाराणसी में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के अंतर समूह वाद-विवाद प्रतियोगिता शिविर में चयन एवं भागीदारी

एनसीसी कैडेट अमृता को 21-30 सितंबर तक वाराणसी में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के अंतर समूह वाद-विवाद प्रतियोगिता शिविर के लिए चुना गया। कैडेट का चयन 3 यूपी नेवल यूनिट लखनऊ द्वारा किया गया, जिसमें सीनियर विंग, सीनियर डिवीजन, जूनियर विंग और जूनियर डिवीजन से एक-एक कैडेट का चयन किया गया। लखनऊ ग्रुप से कुल चार कैडेटों का चयन किया गया। कैडेट अमृता बीटेक बायोटेक्नोलॉजी के दूसरे वर्ष में पढ़ रही है।








14 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024

एनसीसी कैडेट ऑफिसर शीरी फातिमा ओटीए (ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी) चेन्नई अटैचमेंट शिविर में सम्मिलित

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में सीनियर अंडर ऑफिसर (एसयूओ) शीरी फातिमा ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। शीरी फातिमा को प्रतिष्ठित ओटीए (ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी) चेन्नई अटैचमेंट कैंप के लिए चुना गया। शिविर 14 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया, जिसमें पूरे भारत से केवल 100 कैडेट भाग लिया। इन 100 कैडेटों में से, शीरी लखनऊ से एकमात्र प्रतिनिधि और उत्तर प्रदेश राज्य से चुने गए केवल 15 कैडेटों में से एक है। चयन प्रक्रिया अत्यधिक प्रतिस्पर्धी थी और इसमें उनके कमांडिंग ऑफिसर द्वारा आयोजित एक कठोर साक्षात्कार शामिल था। ओटीए चेन्नई शिविर कैडेटों को वास्तविक दुनिया के माहौल में सैन्य प्रशिक्षण, नेतृत्व और अनुशासन का अनुभव करने का अवसर प्रदान करता है, जो उन्हें सशस्त्र बलों में अधिकारियों के रूप में भविष्य की भूमिकाओं के लिए तैयार करता है। दिल्ली और गोवा सहित विभिन्न राज्यों के कैडेटस ने इस शिविर में भाग लिया, जिससे यह वास्तव में राष्ट्रीय स्तर का अनुभव बन गया। शीरी का चयन उसके विश्वविद्यालय और उसके गृहनगर के लिए बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि वह अपने जिले और संस्थान दोनों का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र छात्रा है। उनकी उपलब्धि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय से उभर रही प्रतिभा और क्षमता को उजागर करती है और युवा महिलाओं को रक्षा क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है।20यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी लखनऊ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी ने कैडेट को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। कुलपति और संकाय ने शीरी के समर्पण और कड़ी मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्होंने न केवल अपने विश्वविद्यालय बल्कि लखनऊ शहर का भी सम्मान बढ़ाया है।




(MCO)
KANPUR CENTRAL